उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची
## मंगलवार, 22 माघ, शक संवत्, 1935

**( दिनांक : 11 फरवरी, 2014 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा लांघा के मजरे 1-डूंगाखेत, 2-पसौली की क्षतिग्रस्त पेयजल योजना के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री उमराव सिंह, निवासी-ग्राम डुंगाखेत, ग्राम सभा-लांघा, पो0-लांघा, तहसील विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम पंचायत पपडियान के मजरे लटीखेत की क्षतिग्रस्त पेयजल योजना के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री टीकम सिंह, निवासी-ग्राम लटीखेत, ग्राम सभा-पपडियान, पो0-कटापत्थर, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा अम्बाड़ी के मजरे डूमेट की क्षतिग्रस्त पेयजल योजना के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री नारायण सिंह, निवासी-ग्राम डूमेट, ग्राम सभा-अम्बाड़ी, पो0-अम्बाड़ी, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा लांघा, ग्राम सभा तौलीभूड़ की क्षतिग्रस्त पेयजल लाईन के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री गेन्दन लाल, निवासी-ग्राम लांघा, पो0-लांघा, तहसील-विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम कांडी बिचला ढांगू ब्यासघाट किनसुर मोटर मार्ग स्थान पुलनाबढ से कांडी खण्ड तक का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री शिवदयाल सिंह नेगी, ग्राम कांडी, पो0-कांडी, जनपद-पौड़ी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के मष्टखाल नैल, रैंस कोठार मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री इन्द्रमणि बिन्जोला, निवासी-ग्राम नैल, पो0- सिलोगी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. वित्तमंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) (निरसन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. वित्तमंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) (निरसन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

16. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक 2014 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

17. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक 2014 पारित किया जाय।

18. वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

19. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

20. जनपद बागेश्वर में ए0डी0बी0 द्वारा 02 वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य न किये जाने के संबंध में श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

21. विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत आई0टी0आई0 गैंड खाल के निर्माणाधीन भवन का कार्य पूर्ण करने के संबंध में श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, तकनीकी शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**

**दिनांक : 10 फरवरी, 2014**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

प्रथम सत्र, 2014
का द्वितीय
मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 22 माघ, शक संवत्, 1935

## ( दिनांक : 11 फरवरी, 2014 )

## नत्थी ''क''

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>03.01..2014 | *01. **विस्तीर्णता एवं एक से अधिक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त।** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2011–12, 2012–13 में जनपद वार स्पेशल कंपोनेन्ट प्लान में कितना कितना धन आवंटित किया गया ? जनपद पौड़ी गढ़वाल में वर्ष 2012–13, में स्पेशल कंपोनेन्ट प्लान के तहत कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए तथ प्राप्त प्रस्तावों पर हुई कार्यवाही का विवरण क्या क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल<br>06.01..2014 | *02. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संचालित होने वाली 108 आपातकालीन सेवा में उपयोग की जा रही रोगी वाहनों की संख्या क्या है तथा क्या सभी संचालित एम्बुलेंस मानकों के अनुरूप हैं ? यदि नहीं, तो क्या अतिरिक्त एम्बुलेंस खरीदने की योजना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य की संचित निधि से उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन में कितनी धनराशि व्यय हो रही है तथा केन्द्र से कितनी धनराशि सहयोग के रूप में प्राप्त हो रही है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>06.01..2014 | *03. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आपदा के कारण कई रास्ते अवरूद्ध होने के कारण अनेकों वाहन फंसे हैं व वापसी नहीं कर पाये हैं ? यदि यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे परिवहन व्यवसाईयों की गाड़ियों के टैक्स माफी व मुआवजा जैसी कोई सुविधा प्रदान करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>31.12.2013 | *04. **प्रथम बुधवार के तारा0 07 में स्थाना0।**<br>क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रत्येक जनपदवार राज्य सरकार ने राज्य स्थापना के पश्चात् प्रतिवर्ष अब तक राज्य सरकार द्वारा कितना परिव्यय निर्धारित किया गया एवं इस परिव्यय के सापेक्ष आय–व्यय एवं व्यय की प्रत्येक जनपदवार जिला योजना, राज्य योजना एवं केन्द्रीय योजना के अधीन अयोजनागत व आयोगोत्तर पक्षों में प्राविधान एवं व्यय का प्रतिशत जनपदवार कितना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य सरकार प्रत्येक जनपद को विगत वर्षों से कम किये गये आवंटन के सापेक्ष आनुपातिक रूप से आय–व्यय की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>20.01.2014 | *5. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में पिछले 12 वर्षों से जिला समाज कल्याण अधिकारी का पद रिक्त है ? यदि हां, तो बागेश्वर जनपद में जिला समाज कल्याण अधिकारी की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>23.01.2014 | *6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने मोबाईल हास्पिटल चिकित्सालय कार्यरत हैं तथा इन चिकित्सालय में क्या क्या सुविधायें उपलब्ध हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन चिकित्सालयों का उपयोग चार धाम यात्रा/दुर्घटनाओं के समय किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक<br>24.01.2014 | *7. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की विषम आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा मितव्यता हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ? | **वित्त** |
| श्री मदन कौशिक<br>27.01.2014 | *8. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास की क्या क्या योजनायें हैं ? उक्त योजनाओं का सही लाभ इस वर्ग को मिलना सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कोई प्रभावी योजना बनायी है ? यदि हां, तो क्या ? | **समाज कल्याण** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमचंद अग्रवाल<br>01.01.2014 | 1. क्या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र जो राज्य सरकार का एक विभाग है में समूह 'ग' का चयन प्राविधिक शिक्षा परिषद के माध्यम से कराया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** |
| डा0 जीतराम<br>02.01.2014 | 2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून–देवप्रयाग–व्यासघाट–बहेड़ाखाल–डांडानगराजा मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम में बसों की कमी के कारण बस संचालित करवाने हेतु परिवहन आयुक्त को निर्देश किए जाने की जानकारी दी गई थी ? यदि हां, तो उक्त मार्गों पर बस सेवायें संचालित करने हेतु परिवहन आयुक्त द्वारा कृत कार्यवाही और उसके परिणाम क्या हैं तथा कब तक उक्त मार्गों पर बस सेवाओं का संचालन किया जायेगा ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>02.01.2014 | 3. क्या प्रोटोकाल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विधायकों के प्रोटोकॉल हेतु क्या दिशा निर्देश हैं ? क्या अधिकारियों को प्रोटोकॉल पालन हेतु कोई प्रशिक्षण दिया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **प्रोटोकाल** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>03.01.2014 | 4. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में रूड़की से बिहारी गढ़ मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड सड़क परिवहन निगम की बसें चल रही हैं जिससे यहां की जनता को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस मार्ग पर सरकारी बसों को चलाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री भीमलाल आर्य<br>02.01.2014 | 5. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने छोटे बड़े प्राइवेट तथा धर्मार्थ चिकित्सालय पंजीकृत हैं ? क्या सरकार नाम सहित सूची उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 जीतराम<br>06.01.2014 | 6. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के ऐसे नव निर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्गों का विवरण क्या है जिन पर अभी तक नियमित बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन मार्गों पर कब तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गाय है तथा इन मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कब कब किया गया है और संयुक्त निरीक्षण में मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या क्या पाई गई है ? | **परिवहन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.01.2014 | 7. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के देघाट और देवायल नामक स्थान पर स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य मानकों, समयानुसार और स्वीकृत धनराशि में हो रहा है और जनता को इसका लाभ मिल रहा है ? यदि हां, तो तद् संबंधित विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जनता को लाभ मिल पाने के कारण जनता आन्दोलित भी हो सकती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उत्तरदायी संस्था या विभाग के खिलाफ कोई कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>03.01.2014 | 8. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के ग्राम बुग्गावाला उर्फ को नोकाग्रन्ट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में केवल एक ही डाक्टर है जो नियमित रूप से उपलब्ध नहता और पूरे घाट क्षेत्र की जनता को उपचार हेतु जिला यात हसील के हास्पिटल में जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण कर अन्य चिकित्सकों की व्यवस्था करने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.01.2014 | 9. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि बी0पी0एल प्रमाण पत्र के अतिरिक्त उनके द्वारा आज भी मासिक पेंशन हेतु रू0 1,000/– या उससे कम मासिक आय के मानक पर ही पेंशन की स्वीकृति दी जाती है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा रू0 1,000/– मासिक आय के मानक को बढ़ा दिया गया है यदि हां, तो कब और कितना ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 07.01.2014 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड रिखणीखाल में कितने नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जा रहे हैं तथा उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों की सैद्धान्तिक स्वीकृति व दिनांक क्या है ? क्या सरकार द्वारा उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों को शीघ्र निर्मित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत 09.01.2014 | 11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चिकित्सालयों में वर्तमान में स्वीकृत चिकित्सकों के पदों के सापेक्ष कितने चिकित्सक नियुक्त है ? क्या सरकार रिक्त स्थानों में चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत 09.01.2014 | 12. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में छावनी परिषद क्षेत्र के नागरिकों का बी0पी0एल0 सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को सुविधा दी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.01.2014 | 13. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के मल्ला दानपुर क्षेत्र के रातिरकेठी में 18 वर्ष पूर्व आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन बन चुका है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अभी तक इस अस्पताल में एक भी डॉक्टर नियुक्त नहीं है ? यदि हां, तो अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.01.2014 | 14. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा समाज कल्याण के लिए चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को सुलभ करवाने हेतु बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.01.2014 | 15. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांडा में महिला चिकित्सक नियुक्त हैं ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.01.2014 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट में चिकित्सकों के आवासीय भवन निर्माण हेतु योजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 10.01.2014 | 17. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के पाटी सैण स्वास्थ्य केन्द्र को अपग्रेड करने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 10.01.2014 | 18. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में कोटद्वार से सतपुली पोखड़ा बैजरों तक परिवहन सेवा प्रारम्भ की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>10.01.2014 | 19. **तृतीय सोम0 के अता0 59 में स्थाना0**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने एम0बी0बी0एस0 डाक्टर श्रीनगर एवं हल्द्वानी से इन दो वर्षों में उत्तीण होकर निकले हैं ? क्या वे प्रशिक्षण पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार सेवायें प्रदान कर रहे हैं ? यदि नहीं तो क्यों ? क्या कुछ डाक्टर प्रशिक्षण के पश्चात सरकारी सेवा में उत्तराखण्ड से बाहर गये हैं ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>20.01.2014 | 20. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में परित्यक्ता महिलाओं को पेंशन लागू करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक पेंशन लागू की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>20.01.2014 | 21. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में रोडवेज डिपो स्वीकृत है ? यदि हां, तो यह डिपो कब तक अस्तित्व में आयेगा ? | **परिवहन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>21.01.2014 | 22. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों व उपकेन्द्रों पर रिक्त चल रहे फार्मासिस्टों के पदों पर नियुक्ति की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>21.01.2014 | 23. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल रातिरकेठी, नामतीचेटाबगड़ जगथाना, कन्यालीकोट, चौरा, बैड़ा मझेड़ा, भिताड़ी, दफौट, गुरना, झाड़ापानी, चामी क्वैराली, पिगंलो, जखेड़ा में चिकित्सकों के पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो कब तक उक्त राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 जीतराम<br>22.01.2014 | 24. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटद्वार–सतपुली–बाड़ियूं–बहेड़ाखाल–डांडानागराजा मार्ग पर प्रातः 11:00 बजे चलने वाली नियमित बस सेवा के संचालन के संबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कोटद्वार के पत्रांक 649/सा0प्रशा0–बस संचालन/2011–12 दिनांक 05 सितम्बर, 2011 पर अब तक की गई कार्यवाही का वाहनवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि मार्ग पर नियमित एवं व्यवस्थित बस सेवाओं के संचालन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? | **परिवहन** |
| डा0 जीतराम<br>22.01.2014 | 25. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के तृतीय सत्र 2009 के प्रथम मंगलवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 29 में वर्णित मोटर मार्गों पर बस सेवाओं के संचालन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इन मार्गों पर नियमित बस सेवाओं के संचालन हेतु अब क्या प्रयास किए गए हैं ? | **परिवहन** |
| डा0 जीतराम<br>22.01.2014 | 26. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन कौन से मोटर मार्ग हैं जो संयुक्त निरीक्षण में बस सेवाओं के संचालन हेतु उपयुक्त पाए गए हैं और उन पर अभी तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्गों पर कब तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 23.01.2014 | 27. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा सहसपुर में सी0एच0सी0 में स्टाफ व तकनीकी उपकरण का अभाव है ? यदि हां, तो उपरोक्त सुविधा कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 जीतराम 24.01.2014 | 28. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी तथ टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अब तक निर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्गों पर बस सेवाओं का संचालन किए जाने के संबंध में दिनांक 12 सितम्बर, 2013 का पत्रांक 15196/सम/7–परिवहन/2013, सचिव, परिवहन उत्तराखण्ड शासन को कब प्राप्त हुआ तथा पत्र में वर्णित बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का बन्दुवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक नव निर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्गों पर बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| डा0 जीतराम 24.01.2014 | 29. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर बस सेवाओं के संचालन के संबंध में दिनांक 03 अगस्त, 2013 का पत्रांक 15074/सम/7–परिवहन/2013–14 समभागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी को कब प्राप्त हुआ है और प्रश्नगत मोटर मार्ग पर बस सेवाओं के संचालन हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान तक उक्त मार्गों पर बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ न किये जाने के कारण क्या हैं और कब तक इस मार्ग पर बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्री सहदेव पुण्डीर 24.01.2014 | 30. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेन्ट्रल होप टाऊन में ट्रामा सेन्टर खोलने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द 27.01.2014 | 31. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के आपदा पीड़ित जनपदों में किसानों/व्यवसाय कार्य करने वाले लोगों का कर्जा माफ करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 27.01.2014 | 32. **तृतीय सोम0 के अता0 60 में स्थाना0** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2012–13 व 2013–14 में अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को कुल कितनी छात्रवृत्ति वितरण की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 27.01.2014 | 33. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण कर कम से कम 30 बैड की व्यवस्था की जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>28.01.2014 | 34. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश गठन के बाद प्रदेश के किस–किस समुदाय व क्षेत्रों को अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय अनुसूची में सम्मिलित करने की कार्यवाही की गयी एवं की गई कार्यवाही के अभी तक क्या परिणाम रहे ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>28.01.2014 | 35. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निराश्रित अपंग बाल बालिकाओं के लिए अनाथालय की व्यवस्था है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा निराश्रित अपंग बाल बालिकाओं को क्या–क्या सुविधायें दी जा रही है ? | **समाज कल्याण** |
| डा0 जीतराम<br>28.01.2014 | 36. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली–व्यासधाट–देवप्रयाग मोटर मार्ग का निर्माण कब किया गया है और इस मार्ग पर देवप्रयाग तक अभी तक बस सेवाओं का संचालन न किए जाने के कारण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक सतपुली व्यासघाटी–देवप्रयाग मोटर मार्ग पर बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |